प्रेषक,

कृषि निदेशक,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

महानिदेशक,
उ0प्र0 कृषि अनुसंधान परिषद,
किसान भवन, अष्टम तल, विभूति खण्ड,
गोमती नगर, लखनऊ।

पत्रांक /रा0कृ0वि0यो0/ 571 /16–थ0पा0मू0 /2021–22/ दिनॉक लखनऊ 13 दिसम्बर 2021

विषय :– राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत कृषि एवं संवर्गीय विभागों द्वारा कराये जा रहे कार्यों का मूल्यांकन कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र सं0–2644/1273–2010–199/07टी0सी0 दिनांक 21.10.2021 (**संलग्नक–1**) का अवलोकन करने का कष्ट करें जिसके द्वारा राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत कृषि विश्वविद्यालय एवं शोध संस्थाओं द्वारा संचालित परियोजनाओं के थर्ड पार्टी मूल्यांकन हेतु उ0प्र0 अनुसंधान परिषद, लखनऊ को नामित किया गया है। तदनुसार उपकार द्वारा वर्ष 2008–09 से वर्ष 2012–13 तक संचालित परियोजनाओं का मूल्यांकन किया गया है।

उपरोक्त सन्दर्भ में राज्य स्तरीय स्वीकृति समिति (एस0एल0एस0सी0) के अनुमोदनानुसार वाप्कास, नैबकान्स, राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद, गिरि अध्ययन विकास संस्थान, कृषि वित्त निगम एवं राज्य नियोजन संस्थान द्वारा थर्ड पार्टी मूल्यांकन का कार्य किया गया है। राज्य स्तरीय परियोजना जांच समिति (एस0एल0पी0एस0सी0) की बैठक दिनांक 06.01.2016 में निर्देश दिये गये कि एक ही संस्था से परियोजना प्रस्तावों का मूल्यांकन तथा थर्ड पार्टी मूल्यांकन का कार्य न कराया जाये। इसके अतिरिक्त आर0के0वी0वाई0 की नवीन गाइड लाइन्स में दिये गये निर्देशों के अनुसार विश्वविद्यालयों एवं शोध संस्थाओं के परियोजना प्रस्तावों का मूल्यांकन आई0सी0ए0आर0–नई दिल्ली द्वारा किया जा रहा है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश कृषि एवं अनुसंधान परिषद, लखनऊ के रूझान के कम में आर0के0वी0वाई0 के अन्तर्गत प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयों एवं शोध संस्थाओं के द्वारा वर्ष 2017–18 से वर्ष 2020–21 तक संचालित परियोजनाओं की सूची पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित की जा रही है (**संलग्नक–2**)।

कृपया संलग्न सूची के अनुसार प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयों एवं शोध संस्थाओं की वर्ष 2017–18 से वर्ष 2020–21 तक संचालित परियोजनाओं के थर्ड पार्टी मूल्यांकन हेतु औचित्यपूर्ण प्रस्ताव एवं धनराशि की मांग यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि अग्रेतर कार्यवाही करायी जा सके।

**संलग्नक–यथोपरि।**

भवदीय

(विवेक कुमार सिंह)
कृषि निदेशक,
उत्तर प्रदेश।

O/C 13.12.2021

पत्रांक /रा0कृ0वि0यो0/571 / 16–थ0पा0मू0 /2021–22 दिनॉक उक्त।
प्रतिलिपि :–अपर मुख्य सचिव, कृषि, उ0प्र0 शासन, सचिवालय, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।

सहनोडल अधिकारी
राष्ट्रीय कृषि विकास योजना
उ0प्र0, कृषि भवन, लखनऊ।

O/C 13.12.2021